# सूरदास के पद

Question 1.
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी' इस पंक्ति में निहित अलंकार बताइए ।
(a) दृष्टांत
(b) रूपक
(c) उपमा
(d) श्लेष

▼ Answer

Answer: (a) दृष्टांत।

---

Question 2.
'बिथा' शब्द का तत्सम रूप लिखिए ।
(a) व्यर्थ
(b) व्यथा
(c) बिना
(d) मंथन

▼ Answer

Answer: (b) व्यथा।

---

Question 3.
गोपियाँ किससे गुहार लगाना चाहती थीं ?
(a) राम से
(b) प्रभु से
(c) ऊधौ से
(d) कृष्ण से

▼ Answer

Answer: (d) कृष्ण से।

---

Question 4.
'हारिल' पक्षी से किसकी तुलना की गई है ?
(a) गोपियों की
(b) ऊधौ की
(c) कृष्ण की
(d) ब्रजवासियों की

▼ Answer

Answer: (a) गोपियों की।

---

Question 5.
उद्धव की योग सम्बंधी बातें गोपियों को कैसी लगती हैं ?
(a) खरबूजे के समान मधुर
(b) शहद के समान मीठी
(c) कड़वी ककड़ी के समान
(d) हारिल पक्षी के समान चंचल

▼ Answer

Answer: (c) कड़वी ककड़ी के समान।

---

Question 6.
गोपियों ने कृष्ण को किस प्रकार धारण किया था ?
(a) मन से
(b) कर्म से
(c) वचन से
(d) उपरोक्त सभी तरह से

▼ Answer

Answer: (d) उपरोक्त सभी तरह से
सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 7.
‘जक री’ शब्द का क्या अर्थ है ?
(a) व्यर्थ होना
(b) रटना
(c) जर्जर होना
(d) दु:खी होना

▼ Answer

Answer: (b) रटना।

---

Question 8.
गोपियों ने योग रूपी व्याधि किसे देने की सलाह दी है?
(a) जो बीमार हो
(b) जो ईश्वर-भक्त हो
(c) जो कृष्ण को ही भगवान माने
(d) जिसका मन चकरी के समान चंचल हो

▼ Answer

Answer: (d) जिनका मन चकरी के समान चंचल है।

---

Question 9.
‘मधुकर’ शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है ?
(a) गोपियों के लिए

(b) भौरे के लिए
(c) कृष्ण के लिए
(d) उद्धव के लिए

▼ Answer

Answer: (d) उद्धव के लिए
ऊधौ के लिए।

---

Question 10.
कृष्ण ब्रज से जाते समय अपने साथ गोपियों का क्या चुरा ले गए थे ?
(a) गोपियों का मन
(b) माखन
(c) दही
(d) शहद

▼ Answer

Answer: (a) गोपियों के मन।

---

Question 11.
गोपियों के अनुसार सच्चा राजधर्म क्या है ?
(a) प्रजा का पालन
(b) प्रजा के सुखों का ध्यान रखना
(c) प्रजा को बिल्कुल न सताना
(d) उपर्युक्त सभी

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी
सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 12.
'हरि है राजनीति पढ़ि आए'……जाहि सताए" पद में किस शब्द शक्ति का प्रयोग हुआ है ?
(a) अभिधा
(b) लक्षणा
(c) व्यंजना
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) व्यंजना।

---

Question 13.
सूरदास का जन्म कब हुआ ?
(a) सन् 1478
(b) सन् 1448

(c) सन् 1468
(d) सन् 1458

▼ Answer

Answer: (a) सन् 1478 में।

---

Question 14.
सूरदास की मृत्यु कब हुई ?
(a) सन् 1578
(b) सन् 1568
(c) सन् 1583
(d) सन् 1520

▼ Answer

Answer: (c) सन् 1583 में।

---

Question 15.
सूरसागर में लगभग कितने पद हैं ?
(a) लगभग सवा सौ
(b) लगभग पाँच सौ
(c) लगभग सात सौ
(d) लगभग ग्यारह सौ

▼ Answer

Answer: (b) लगभग पाँच सौ।

---

Question 16.
निम्नलिखित में कौन-सी रचना सूरदास की नहीं है ?
(a) सूरसागर
(b) सूर-सारावली
(c) साहित्य लहरी
(d) साहित्य अमृत

▼ Answer

Answer: (d) साहित्य अमृत
साहित्य अमृत सूरदास की रचना नहीं है।

---

Question 17.
सूरदास ने अपने साहित्य में किसको प्रमुखता दी है ?
(a) राम को
(b) कृष्ण को
(c) निराकार ब्रह्म को
(d) राजाओं की कथाओं को

▼ Answer

Answer: (b) कृष्ण को।

---

Question 18.
सूरदास के साहित्य में किस रस की प्रधानता है ?
(a) वात्सल्य रस
(b) वीर रस
(c) भयानक रस
(d) हास्य रस

▼ Answer

Answer: (a) वात्सल्य रस।

---

Question 19.
सूरदास के साहित्य में किस भाषा की प्रमुखता है ?
(a) अवधी भाषा
(b) राजस्थानी
(c) ब्रज भाषा
(d) बुंदेली

▼ Answer

Answer: (c) ब्रज भाषा।

---

Question 20.
सूरदास के साहित्य में किस गुण की प्रधानता है ?
(a) ओज गुण
(b) प्रसाद गुण
(c) माधुर्य गुण
(d) निर्गुण

▼ Answer

Answer: (c) माधुर्य गुण।

---

Question 21.
गोपियों ने ऊधौ को बड़भागी क्यों कहा है ?
(a) ऐसा कहकर गोपियों ने ऊधौ पर व्यंग्य किया है
(b) क्योंकि ऊधौ बहुत ही भाग्यवान है
(c) ऊधौ बहुत ज्ञानी थे और गोपियाँ उनके ज्ञान का लोहा मानती थीं
(d) वे कृष्ण के सखा थे, इसलिए उनको बड़भागी कहा है

▼ Answer

Answer: (a) ऐसा कहकर गोपियों ने ऊधौ पर व्यंग्य किया है।

---

Question 22.
गोपियों ने ऊधौ के अनासक्त रहने की तुलना किससे की है ?
(a) कमल के पत्ते से
(b) तेल की मटकी से
(c) कमल के पत्ते और तेल की मटकी दोनों से
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) कमल के पत्ते और तेल की मटकी दोनों से।

---

Question 23.
प्रीति-नदी में कौन-सा अलंकार है ?
(a) यमक
(b) रूपक
(c) अनुप्रास
(d) उपमा

▼ Answer

Answer: (b) रूपक।

---

Question 24.
'गुर चाँटी ज्यौं पागी' में गुर (गुड़) से किसकी तुलना हुई है और चाँटी (चींटी) से किसकी ?
(a) गुड़ से ऊधौ की तुलना हुई है और चींटी से गोपियों की
(b) गुड़ से कृष्ण की तुलना हुई है और चींटी से राधा की
(c) गुड़ से ब्रजवासियों की तुलना हुई है और चींटी से कृष्ण की
(d) गुड़ से कृष्ण की तुलना हुई है और चींटी से गोपियों की

▼ Answer

Answer: (d) गुड़ से कृष्ण की तुलना हुई है और चींटी से गोपियों की।

---

Question 25.
गोपियों ने स्वयं को 'भोरी' क्यों कहा है ?
(a) वे मूर्ख थीं
(b) वे छल-कपट और चतुराई से दूर थीं
(c) वे ऊधौ की बातों में आ गईं थीं
(d) वे किसी का कहना नहीं मानती थीं

▼ Answer

Answer: (b) वे छल-कपट और चतुराई से दूर थीं।

---

Question 26.
समुझी बात कहत............ के, समाचार सब पाए। उचित शब्द से पंक्ति को पूरा कीजिए।
(a) दिनकर
(b) मधुकर

(c) ऊधौ
(d) कृष्ण

▼ Answer

Answer: (a) मधुकर।

---

Question 27.
निम्नलिखित पंक्तियों को व्यवस्थित रूप से लिखिए।

| | |
|---|---|
| (क) जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि | (क) देखी सुनी न करी । |
| (ख) सुनत जोग लागत है ऐसौ, | (ख) जिनके मन चकरी |
| (ग) सु तौ ब्याधि हमकौं ले आए | (ग) ज्यौं करुई ककरी। |
| (घ) यह तो 'सूर' तिनहिं लैं सौंपो | (घ) कान्ह-कान्ह जक री |

▼ Answer

Answer:

(क) कान्ह-कान्ह जक री।
(ख) ज्यौं करुई ककरी।
(ग) देखी सुनी न करी।
(घ) जिनके मन चकरी।

---

## काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

में से सही विकल्प का चयन कीजिए-
ऊधौ, तुम हो अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माह तेल की गागरि, बूंद न ताको लागी।
प्रीति-नदी मैं पाउँ न बोर्यो, दृष्टि न रूप परागी।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गर चाँटी ज्यौं पागी॥

Question 1.
ऊधौ को बड़भागी किसके द्वारा कहा गया है ?
(a) कृष्ण के द्वारा
(b) मथुरा वासियों के द्वारा
(c) गोपियों के द्वारा
(d) स्वयं ऊधौ के द्वारा

▼ Answer

Answer: (c) गोपियों के द्वारा
ऊधौ को बड़भागी गोपियों के द्वारा कहा गया है।

---

Question 2.
'अपरस' शब्द का यहाँ क्या अर्थ है ?
(a) सूखा
(b) अनासक्त
(c) दुर्भाग्यशाली
(d) निर्विकार

▼ Answer

Answer: (b) अनासक्त
'अपरस' शब्द का अर्थ अनासक्त है; क्योंकि कृष्ण के समीप रहकर भी ऊधौ उनके प्रेम से अछूते रहे।

---

Question 3.
गोपियों ने ऊधौ की तुलना किससे की है ?
(a) कमल के पत्ते से
(b) तेल की गगरी से
(c) कमल के पत्ते एवं तेल की गगरी दोनों से
(d) सूखी नदी से

▼ Answer

Answer: (c) कमल के पत्ते एवं तेल की गगरी दोनों से
ऊधौ को कमल के पत्ते व तेल की गगरी जैसा बताया है, क्योंकि पानी में रहकर भी इन पर पानी की बूंद नहीं ठहरती।

---

Question 4.
'प्रीति-नदी मैं पाउँ न बोरयौ' यहाँ कवि ने किस अलंकार का प्रयोग किया है ?
(a) रूपक
(b) उपमा
(c) उत्प्रेक्षा
(d) यमक

▼ Answer

Answer: (a) रूपक
रूपक अलंकार, क्योंकि कृष्ण को प्रीति (प्रेम) रूपी नदी कहकर संबोधित किया है यहाँ 'प्रीति' उपमेय और 'नदी' उपमान में अभेद आरोप है।

---

Question 5.
गुर चाँटी ज्यौं पागी' यहाँ गुर और चाँटी का प्रयोग किस-किसके लिए हुआ है ?
(a) गुर (गुड़) का प्रयोग ऊधौ के लिए, चाँटी का प्रयोग कृष्ण के लिए
(b) गुर का प्रयोग राधा के लिए, चाँटी का प्रयोग कृष्ण के लिए
(c) गुर का प्रयोग गोपियों के लिए और चाँटी का प्रयोग कृष्ण के लिए हुआ है।
(d) गुर का प्रयोग कृष्ण एवं चाँटी का प्रयोग गोपियों के लिए हुआ है

▼ Answer

Answer: (d) गुर का प्रयोग कृष्ण एवं चाँटी का प्रयोग गोपियों के लिए हुआ है
जिस प्रकार गुड़ पर चींटी चिपक जाती है, उसी प्रकार गोपियाँ भी कृष्ण के प्रेम में डूबी हुई हैं। वे कृष्ण को अपने प्राण

रहते छोड़ नहीं सकतीं।

---

(2)

मन की मन ही माँझ रही।
कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाहीं परत कही।
अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।
अब इन जोग संदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनि बिरह दही।
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तें धार बही।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही ॥

Question 1.
गोपियों के हृदय की इच्छाएँ हृदय में ही क्यों रह गईं ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- कृष्ण का ब्रज वापस न आना
- ऊधौ को ब्रज भेजना।

---

Question 2.
ऊधौ के योग के सदेश को सुनकर गोपियों की व्यथा घटने के स्थान पर बढ़ गई, ऐसा क्यों हुआ ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- ऊधौ को गोपियों के योग का संदेश देना
- कृष्ण से मिलन की चाह का बढ़ना
- गोपियों का सगुण उपासक होना।

---

Question 3.
गोपियों को कृष्ण को गुहार लगाना अब व्यर्थ क्यों लगने लगा ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- ऊधौ को योग का संदेश लेकर कृष्ण ने ही भेजा था
- गुनहगार और जज जब एक ही हो तो फरियाद करना व्यर्थ है।

---

Question 4.
गोपियाँ किस मर्यादा की बात कर रही हैं ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- वे अपनी मर्यादा की बात कर रही हैं
- कृष्ण ने उनकी मर्यादा का ध्यान नहीं रखा।

---

(3)

हमारे हरि हारिल की लकरी।
मन-क्रम-बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
जागत, सोवत, स्वप्न, दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जक री।
सुनत जग लागत है ऐसौ, ज्यों करुई ककरी।
सु तौ व्याधि हमकौं ले आए, देखी सुनी न करी।
यह तो 'सूर′ तिनहिं लै सौंपो, जिनके मन चकरी ॥

Question 1.
गोपियों ने अपनी तुलना किससे की है और क्यों ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- हारिल पक्षी से की है
- हारिल हमेशा अपने पंजों में एक लकड़ी पकड़कर रखता है
- गोपियों ने भी कृष्ण को अपने हृदय में स्थापित कर रखा है।

---

Question 2.
गोपियों ने कृष्ण को किस प्रकार अपना रखा है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- मन से
- वचन से
- कर्म से।

---

Question 3.
योग का संदेश गोपियों को कैसा लगा ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-
* कड़वी ककड़ी के समान
* कड़वी ककड़ी को खाना मुश्किल होता है।

---

Question 4.
गोपियाँ योग का संदेश किसे देने की बात कहती हैं और क्यों ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- चंचल मन वाले व्यक्तियों को
- योग से उनका मन स्थिर हो सकेगा।

---

(4)

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हुते पहिलै ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-सँदेस पठाए।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।
अब अपनै मन फेर पाइहैं, जलत जु हुते चुराए।
तै क्यौं अनीति करें आपुन, जे और अनीति छुड़ाए।
राज धरम तो यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए ।

Question 1.
गोपियों को ऐसा क्यों लगा कि कृष्ण जी राजनीति में पारंगत हो गए हैं ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- ऊधौ को योग का संदेश लेकर भेजना
- आने की बात कहकर स्वयं न आना।

---

Question 2.
गोपियों ने योग के संदेश को कैसा बताया ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- शास्त्र विरुद्ध
- अग्राह्य
- कृष्ण की स्वार्थवृत्ति का प्रतीक।

---

Question 3.
गोपियों ने ऊधौ पर क्या कहकर व्यंग्य किया ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- प्राचीन लोग कैसे होते थे
- अब के लोग कैसे

---

Question 4.
योग की शिक्षा लेने में गोपियाँ क्या कहकर अपनी असमर्थता व्यक्त करती हैं ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- हमारा मन श्री कृष्ण जी लेकर गए हैं
- बिना मन के योग ज्ञान प्राप्त करने पर विचार नहीं किया जा सकता।

---

लघूत्तरीय प्रश्न

Question 1.
ऊधौ के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गई है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- कमल के पत्ते से
- तेल की गगरी से।

---

Question 2.
योग के संदेश को सुनकर गोपियों की कैसी स्थिति हुई ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- वे बहुत निराश हुईं
- योग के संदेश ने उनकी विरहाग्नि को बढ़ा दिया।

---

Question 3.
कृष्ण के प्रति अपने प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार व्यक्त किया ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- गुड़ और चींटी का उदाहरण देकर
- हारिल की लकड़ी का उदाहरण देकर।

---

Question 4.
गोपियाँ कृष्ण से अपना मन वापस पाने की बात क्यों कहती हैं ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- कृष्ण का मन चकरी के समान चंचल है
- कृष्ण ने गोपियों को धोखा दिया है।

---

Question 5.
गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- प्रजा का पालन करना
- न्याय करना।

---

Question 6.
गोपियों ने योग को कैसी व्याधि बताया है ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- जिसको न देखा है और न सुना है
- अनोखी व्याधि।

---

Question 7.
गोपियाँ ऊधौ को बड़भागी क्यों कहती हैं ?

▼ Answer

Answer:
संकेत-

- वह कृष्ण के समीप रहकर भी निर्गुण की बात करता है
- वे उसको भाग्यहीन कहना चाहती हैं।

---